सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-263
28/05/2018

नवनिर्मित पुलिस भवन का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

पटना 28 मई, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बेली रोड स्थित निर्माणाधीन पुलिस भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुँचें मुख्यमंत्री ने सबसे पहले नये तकनीक से बन रहे निर्माणाधीन भूकंपरोधी भवन के मॉडल का बारीकी से मुआयना किया। पुलिस भवन में ड्यूटी पर चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले कर्मियों के रहने की व्यवस्था के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने पूरी जानकारी ली, इसके बाद सी0एम0 ऑफिस जोन, डोरमेट्री, डाइनिंग हॉल, गृह सचिव कक्ष, गृह मंत्री कक्ष, सी0एम0 सचिवालय सहित पुलिस भवन के अन्य हिस्सों का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने मौजूद पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने लगभग एक घंटे तक निर्माणाधीन पुलिस भवन का बारीकी से निरीक्षण किया और भूकंपरोधी तकनीक, आपातकालीन और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए बिल्डिंग में बनी व्यवस्था के साथ–साथ पुलिस भवन के रूफ पर बने हेलीपैड तक पहुंचने के लिए रास्तों के विषय में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों तथा निर्माण के काम में लगे विशेषज्ञों से पूरी जानकारी ली।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, आपदा प्रबंधन एवं ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक श्री जे0एस0 गंगवार सहित अन्य कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

******